'महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य'

सिंदरी। एसीसी प्रबंधन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में धनबाद नगर निगम मदद करेगा।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को निगम कपड़ों के सिलाई का बड़ा काम उपलब्ध करवाएगा। उक्त बातें एसीसी सीमेंट वर्क्स के सौजन्य से दिशा सेंटर में आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कही। यूनिफॉर्म की सिलाई का बजट 10 करोड़ रुपए का है। निगम महिलाओं को कपड़े उपलब्ध करवाएगा और तैयार कपड़ों के आधार पर पारिश्रमिक के भुगतान की व्यवस्था करेगा।